नवभारत टाइम्स 03/04/2009

## एमटीएनएल कर्मियों ने रैली निकाली

स ॥ नई दिल्ली : वेतनमान निर्धारण में 30 फीसदी के बजाय पांच फीसदी का लाभ देने के विरोध में एमटीएनएल के करीब चार हजार कर्मियों ने गुरुवार को खुर्शीद लाल भवन से संचार भवन तक रैली निकाली।

एमटीएनएल अधिकारियों के संयुक्त मंच की ओर से ए. के. कौशिक और वी. के. तोमर ने कहा कि प्रबंधन मकान किराए भत्ते को भी दिसंबर 2006 के देय पर निर्धारित कर रहा है जो बेहद गलत है। उन्होंने बताया कि इस मसले पर संचार मंत्री को ज्ञापन दिया गया है। जिसमें चेतावनी दी गई है कि यदि उनकी मांगों को नहीं माना गया तो 9 अप्रैल को प्रबंध निदेशक कार्यालय पर धरना दिया जाएगा। बाद में 14 और 15 अप्रैल को अधिकारी प्रबंध निदेशक कार्यालय पर ही भूख हड़ताल पर भी बैठेंगे।

अमर उजाला 03/04/2009

## एमटीएनएल कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया

नई दिल्ली। महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) के फैसले से कर्मचारियों को सात से आठ हजार रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है। एमटीएनएल के इस फैसले के विरोध में ज्वाइंट फोरम ऑफ एग्ज्यूकेटिव एसोसिएशन ने रैली निकाली। कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर खुर्शीद लाल भवन से लेकर संचार भवन तक प्रदर्शन किया। कर्मचारियों की मांग थी कि इन आदेशों को तत्काल वापस लिया जाए। एमटीएनएल के आठ हजार कर्मचारी इस आदेश से प्रभावित हो रहे हैं।

राष्ट्रीय सहारा 03/04/09

## उपराज्यपाल को ज्ञापन सौंपा

नई दिल्ली। सरकार द्वारा निर्धारित नए वेतनमान के 30 फीसद फिटमैंट के बजाए 5 फीसद फिटमैंट लागू किये जाने के फैसले के खिलाफ पिछले दस दिनों से आंदोलनरत एमटीएनएल कर्मचारियों ने राज्यपाल से मुलाकात कर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। एमटीएनएल अधिकारियों के संगठन ज्वाइंट फ्रंट के महासचिव वीके तोमर (एमआईए) ने कहा कि एमटीएनएल प्रबंधन द्वारा 30 फीसद फिटमैंट नहीं लागू किया जाता है तो एमटीएनएल के आठ हजार अधिकारी 9 अप्रैल से प्रबंध निदेशक के कार्यालय पर धरना देंगे। टीईएएम के महासचिव एके कौशिक ने कहा कि इसके बाद भी हमारी कोई सुनवाई नहीं होती है तो हम लोग 14 अप्रैल से क्रमिक अनशन पर बैठेंगे।

पंजाब केसरी 03/04/2009

## एमटीएनएल अधिकारियों ने मांगों को लेकर रैली निकाली

नई दिल्ली, (मैट्रो): महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) के दिल्ली व मुंबई में कार्यरत अधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर अपना आंदोलन तेज कर दिया है। लगभग 4000 एमटीएनएल अधिकारियों द्वारा आज खुर्शीद लाल भवन से संचार भवन तक रैली निकाली गईं। रैली के दौरान एमटीएनएल अधिकारियों ने कहा कि अगर आज की रैली के बाद भी उनकी मांग नहीं मानी गई तो 9 अप्रैल को एमटीएनलएल प्रबंधन कार्यालय पर धरना दिया जायेगा साथ ही 14 व 15 अप्रैल को अधिकारी भूख हड़ताल करेंगे। एमटीएनएल ज्वाइंट फोरम एक्जीक्यूटिव एसोसिएशन के बैनर तले एमटीएनएल अधिकारियों ने आज रैली निकालकर एमटीएनएल प्रबंधन कार्यालय पर अपना विरोध प्रदर्शन किया। रैली के दौरान एसोसिएशन पदाधिकारियों ने कहा कि नये वेतनमान के आधार पर उन्हें 30 प्रतिशत फिटमेंट मिलना चाहिए, लेकिन एमटीएनएल प्रबंधन उन्हें मात्र 5 प्रतिशत फिटमेंट देने पर अड़िग है।

दैनिक जागरण 03/04/2009

# एमटीएनएल अधिकारियों का प्रदर्शन

- 30 फीसदी की जगह पांच फीसदी ही वेतन में हुई बढ़ोतरी

नई दिल्ली, जागरण संवाददाता : महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) के दिल्ली और मुंबई के अधिकारियों ने वेतन बढ़ोतरी को लेकर संयुक्त रूप से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। अधिकारियों का कहना है कि छठे वेतन आयोग में साफ निर्देश के बाद भी विभाग 30 फीसदी की जगह 5 फीसदी ही वेतन की बढ़ोतरी कर रहा है जो गलत है। सरकार ने जल्द ही विभाग को निर्देश नहीं दिया, तो दिल्ली-मुंबई में अधिकारी कड़ा फैसला लेने पर मजबूर होंगे। जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी न कि अधिकारियों की। दिल्ली और मुंबई में कामकाज को छोड़ कर एमटीएनएल के सैकड़ों कर्मचारी जंतर-मंतर पर जमा हुए और विभाग और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। अधिकारी ए.के. कौशिक, वी.के. तोमर ने बताया कि एमटीएनएल का प्रबंधन 30 फीसदी के बजाए 5 फीसदी फिटमैंट लागू कर रहा है। इसके साथ मकान किराए भत्ते को भी 2006 के हिसाब से निर्धारित किया जा रहा है। इस निर्णय से प्रत्येक अधिकारी को सात से आठ हजार रुपए का नुकसान हो रहा है। इस बाबत संचार मंत्री को भी ज्ञापन सौंपा जा चुका है। लेकिन कोई इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। अगर ऐसा ही रवैया रहा तो अधिकारी आंदोलन करने पर उतारू हो जाएंगे।




वेतन वृद्धि की मांग को लेकर जंतर मंतर पर प्रदर्शन करते एमटीएनएल के अधिकारी। जागरण

Mail Today 03/04/2009

## MTNL staff for more perks

EXECUTIVES of public sector telecom major MTNL are agitating for higher allowances provided for in the Pay Revision Committee's recommendations. They said MTNL's management is giving them lower fitment of five per cent and capped their HRA as on December 2006.

The executives contend that they are eligible for 30 per cent fitment. They have threatened to intensify the agitation if the issue is not resolved soon.

वीर अर्जुन, 03/04/09

## एमटीएनएल अधिकारियों ने कहा अपने मांगों को लेकर डटे रहेंगे

वीर अर्जुन संवाददाता

नई दिल्ली। एमटीएनएल अधिकारियों का समर्थन करते हुए टीईएम के महासचिव ए.के. कौशिक ने कहा एमटीएनएल के लगभग 8000 अधिकारी 23 मार्च से ही अपनी मांगो के समर्थन में हड़ताल कर रहे हैं और जरूरत पड़ी तो इसे आगे भी जारी रखेंगे, क्योंकि इनका कहना है कि एमटीएनएल का प्रबंधन नवरत्न कंपनी होने के बावजूद सरकार द्वारा निर्धारित नए वेतनमान के 30 प्रतिशत फिटमैंट के बजाय 5 प्रतिशत ही फिटमेंट लागू कर रहा है।

उन्होंने कहा इतना ही नहीं प्रबंधन इसके साथ-साथ मकान किराए भत्ते को भी दिसंबर 2006 के देय पर निर्धारित कर रहा है जिसके कारण प्रत्येक अधिकारी को सात से आठ हजार रुपये का नुकसान हो रहा है।

उनकी बातों का समर्थन करते हुए एमईए के महासचिव बी.के. तोमर ने कहा इन अधिकारियों ने 26 मार्च को प्रबंध निदेशक के कार्यालय पर प्रदर्शन किया था और 4 अप्रैल को अपनी मांगो के समर्थन में खुर्शीद लाल भवन से संचार भवन के लिए रैली निकाल कर माननीय राज्यपाल महोदय को ज्ञापन सौपा।

इसके साथ ही साथ ज्वाइंट फ्रंट के पदाधिकारियों ने बताया है कि यदि एमटीएनएल प्रबंधन जल्दी ही सरकार द्वारा निर्धारित नए वेतनमान 30 प्रतिशत फिटमेंट के साथ लागू नहीं किए तो सभी अधिकारी 9 अप्रैल को प्रबंध निदेशक के कार्यालय पर धरना देंगे और दो दिनों के क्रमिक अनशन पर बैठेंगे। क्योंकि उनकी मांग जायज है और वे न्याय चाहते है। नवरत्न कंपनी होने के बाद भी उन्हें अन्य सुविधाएं नहीं मिल रही है। इसलिए वे अपने भविष्य की लेकर चिंतित हैं।

विराट वैभव, 03/04/09

## सरकारी उपेक्षा का शिकार एमटीएनएल अधिकारी

■ विराट न्यूज

नयी दिल्ली। एमटीएनएल के लगभग 8000 अधिकारियों को सरकार द्वारा निर्धारित नये वेतनमान 30 प्रतिशत फिटमेंट कि जगह 5 प्रतिशत फिटमेंट दिये 3 मार्च से अपनी मांगों के समर्थन में संघर्ष कर रहे हैं।

इन अधिकारियों का कहना है कि एमटीएनएल का प्रबंधन नवरत्न कंपनी होने के बाविजूद सरकार द्वारा निर्धारित नये वेतनमान के 30 प्रतिशत फिटमेंट के बजाय 5' प्रतिशत फिटमेंट ही लागू कर रहा है। इसके साथ-साथ मकान किराये भत्ते को भी दिसंबर 2006 के देय पर निर्धारित कर रहा है। प्रबंधन के इस निर्णय से प्रत्येक अधिकारी को सात से आठ हजार रुपये प्रतिमाह का नुकसान होता है। इन अधिकारियों ने 26 मार्च 2009 को प्रबंध निदेशक के कार्यालय पर प्रदर्शन किया था। दिल्ली के चार हजार अधिकारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में खुर्शीद लाल भवन से संचार भवन तक रैली निकाली और संचार मंत्री को ज्ञापन दिया। मुंबई के अधिकारियों ने भी रैली निकाली और राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा।

ज्वाइंट फ्रंट के पदाधिकारियों ने बताया कि यदि एमटीएनएल प्रबंधन ने जल्द ही सरकार द्वारा निर्धारित नये वेतनमान 30 प्रतिशत फिटमेंट के साथ लागू नहीं किया तो सभी अधिकारी 9 अप्रैल को प्रबंध निदेशक के कार्यालय पर धरना देंगे अगर इससे भी बात न बनी तो 14 से 15 अप्रैल को प्रबंध निदेशक कार्यालय पर ही क्रमिक अनशन पर बैठेंगे। ■

देशबन्धु, 03/04/09

## एमटीएनएल अधिकारी सड़कों पर

नई दिल्ली, 2 अप्रैल (देशबन्धु)। एमटीएनएल के सैकड़ों अधिकारियों ने गुरुवार को अपनी मांगों के समर्थन में खुर्शीद भवन से संचार भवन तक के लिए रैली निकाली। रैली को पुलिस ने संसद मार्ग पर ही रोक दिया और आगे नहीं बढ़ने दिया। रैली में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। हाथों में बैनर पोस्टर लिए प्रबंधन के खिलाफ नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारी एक रैली की शक्ल में संसद मार्ग तक पहुंचे,जहां यह रैली एक जनसभा में बदल गई। जॉइंट फोरम ऑफ एक्जीक्यूटिव्स एसोसिएशन ऑफ एमटीएनएल के बैनर तले इस रैली का आयोजन किया गया,जो टीईएएम और एमईवाई का संयुक्त फोरम है। एमटीएनएल के अधिकारियों का कहना है कि नवरत्न कंपनी होने के बावजूद इसका प्रबंधन सरकार द्वारा निर्धारित किए गए नए वेतनमान के 30 प्रतिशत फिटमैंट के स्थान पर पांच प्रशित फिटमैंट ही लागू कर रहा है। इसके साथ साथ मकान किराए भत्ते को भी दिसंबर 2006 के देय पर निर्धारित किया जा रहा है। प्रबंधन के इस निर्णय से अधिकारियों को सात से आठ हजार रूपए का नुकसान हो रहा है। एमईए के महासचिव वीके तोमर ने बताया कि प्रबंधन के निर्णय से एमटनएनएल के आठ हजार अधिकारी दिल्ली और मुंबई में प्रभावित हो रहे हैं। इससे पहले भी वह लोग अपनी शिकायत के बारे में सरकार और आला अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं। लेकिन सरकार की ओर से कोई पहल न होने की वजह से उन्हें प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। तोमर ने बताया कि मुंबई में भी एमटीएनएल के अधिकारी प्रदर्शन कर रहे हैं।

Mahamedha, 03/04/09

## मांगों को लेकर एमटीएनएल कर्मियों ने किया प्रदर्शन

नई दिल्ली (सं.)। महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) प्रबंधन नवरत्न कंपनी होने के बावजूद सरकार द्वारा निर्धारित नए वेतनमान के 30 प्रतिशत फिटमैंट के बजाय 5 प्रतिशत देने के विरोध में गुरुवार को ज्वाइंट फोरम ऑफ एग्जीक्यूटिवस एसोसिएशन ऑफ एमटीएनएल के तत्वावधान में हजारों एमटीएनएल कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे एसोसिएशन के महासचिव ए. के. कौशिक ने बताया कि छठे वेतन आयोग ने सीपीएसई कार्यकारणी के नए वेतनमान के अनुसार हमें 30 प्रतिशत फिटमैंट देना निर्धारित किया था, किन्तु एमटीएनएल प्रबंधन हमें मात्र 5 प्रतिशत ही फिटमैंट देने का मन बना रहा है। इसके साथ-साथ मकान किराए भत्ते को भी दिसंबर 2006 के देय पर निर्धारित कर रहा है। जिस कारण प्रबंधन के इस निर्णय से प्रत्येक अधिकारी को सात से आठ हजार रुपये का नुकसान होता है। उन्होंने आगे कहा कि हमने अपनी मांगों को लेकर इससे पहले भी 26 मार्च 2009 को एमटीएनएल प्रबंध निदेशक के कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया

HINDU 03/04/09

## MTNL protest

NEW DELHI: A large number of Mahanagar Telephone Nigam Ltd. executives from Delhi and Mumbai demonstrated in the Capital on Thursday demanding better wages and other benefits. Alleging anomalies in deciding their salary structures, MTNL officials gathered under the banner of Joint Forum of Executives Associations of MTNL and sat on dharna in front of MTNL headquarters. They threatened to intensify their agitation if their demands were not met at the earliest.